**हाईटेक टाउनशिप के अन्तर्गत प्रस्तुत विभिन्न मानचित्रों/ले-आउट पर परीक्षण हेतु उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 की अध्यक्षता में दिनांक 04.02.2016 को सम्पन्न तकनीकी समिति की बैठक का कार्यवृत्तः-**

उपस्थितिः-

1. श्री श्रीश चन्द्र वर्मा, सचिव, ल0वि0प्रा0,
2. श्री ओ0पी0 मिश्र, मुख्य अभियन्ता, ल0वि0प्रा0
3. श्री जे. एन. रेड्डी, मुख्य नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0,
4. श्री शेर सिंह, सहयुक्त नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0,
5. श्री शेषनाथ यादव, अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ
6. श्री आर0डी0 वर्मा, अधिशासी अभियन्ता (हा0/इंटी0 सेल), संयोजक।

अन्य उपस्थितिः-

1. श्री अतुल सक्सेना, वाईस प्रेसीडेन्ड (आपरेशन) मे0 अंसल ए0पी0आई0,
2. श्री दिनेश कुमार पाण्डेय, ए0जी0एम0, मे0 अंसल ए0पी0आई0
3. श्री शैलेन्द्र कुमार, आर्कीटेक्ट मे0 आर0ई0पी0एल0,

इस बैठक में तकनीकी समिति के समक्ष प्ररतुत किये गये विभिन्न मानचित्रों/ले-आउट पर विचार विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा परीक्षण किया गया जिसका विवरण निम्नवत है :-

**विषय संख्या-1** **मे0 अंसल ए0पी0आई0 के हाईटेक टाउनशिप के अन्तर्गत सुशान्त गोल्फ सिटी के सुल्तानपुर रोड के समीप व्यवसायिक-1 क्षेत्रफल-24156.69 वर्गमी0 एवं व्यवसायिक-2 क्षेत्रफल-43421.31 वर्गमी0 का संयुक्त रूप से मिलाकर आई0बी0बी0-3 क्षेत्रफल-67578.00 वर्गमी0 (16.69 एकड़) के व्यवसायिक ले-आउट के सम्बन्ध मे।**

उपरोक्त भवन मानचित्र के परीक्षणोपरान्त मुख्य रूप से निम्न विन्दुओं पर विचार किया गयाः-

1. विकासकर्ता द्वारा स्वीकृत ले-आउट में दर्शित व्यवसायिक भूखण्ड-1 क्षेत्रफल-24156.69 वर्गमी0 एवं व्यवसायिक भूखण्ड-2 क्षेत्रफल-43421.31 वर्गमी0 का संयुक्त रूप से मिलाकर कुल क्षेत्रफल-67578.00 वर्गमी0 (16.69 एकड़) पर ले-आउट का प्रस्ताव दिया गया है।
2. प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग परिवर्तन का नोटीफिकेशन अभी नही हुआ है।
3. भूखण्ड लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर स्थित है तथा 18 मी0 चौड़ा सर्विस रोड प्रस्तावित करते हुए प्रस्तुत किया गया है।
4. भूखण्ड के अन्य तीन तरफ 45 मी0, 30 मी0 एवं 24 मी0 रोड़ तलपट मानचित्र के अनुसार प्रस्तावित है।



Scanned by CamScanner